तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 मई 2024

14 लाखों खर्च कर स्टेडियम में लगाई गई थी घास, अब वहीं बिछा दी ...



13 शिविरों में निखर रहीं प्रतिभाएं, खेल सहित ...





# गर्मी के कारण सूखने लगे तालाब, गंदा व बदबूदार पानी से निस्तारी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के केवल तीन तालाबों में नगर पालिका प्रशासन द्वारा गर्मी के दिनों में पानी भरा जाता है, जबकि शेष 6 से अधिक तालाब भगवान भरोसे छोड़ दिए जाते हैं। इसके कारण नगर के कई तालाबों का पानी सूखने के कारण काफी गंदा और बदबूदार हो चुका है। इसका मुख्य कारण तालाब की सफाई नहीं होना और तालाब में नहर का साफ पानी नहीं जाना है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी तालाबों का पानी गर्मी की वजह से सूखने के कगार पर हैं। तालाब में बहुत कम पानी बचा हुआ है, जो काफी गंदा और बदबूदार हो गया है। इसके कारण आसपास के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस साल भी ग्रीष्म ऋतु में खरखरा कैनाल से बूढ़ा तालाब और कुंडी बरेज तालाब को भरा गया। हालांकि, गंगा सागर तालाब का सफाई कार्य जारी होने के कारण यहां पानी नहीं भरा गया। शहर के मात्र तीन तालाबों में ही हर साल पानी भरा जाता है। जबकि बाकी अन्य तालाब बारिश के पानी पर ही निर्भर हैं। ये तालाब गर्मी में जब सूख जाते हैं, तब भी उनमें पानी नहीं भरा जाता।

## जिला मुख्यालय स्थित केवल तालाबों में भरा जाता है पानी, बाकि भगवान भरोसे





### वर्षों से नहीं हुई सफाई

शहर में कुछ इलाकों को छोड़ कर अधिकांश इलाकों में शहरवासी घरों के नल एवं सार्वजनिक हैण्डपंप में पानी नहीं आने के कारण तालाब में नहाने, कपड़ा धोने के साथ ही अन्य निस्तारी करने में उपयोग करते हैं। लेकिन, तालाब में पानी कम होने और उसके गंदा होने के कारण निस्तारी में समस्या आती है। तालाब की स्थिति को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि तालाब की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है।

### तालाब में लगे मोटर पंप गायब

काशीबन तालाब, दशहरा तालाब, आमा तालाब, रिठिया तालाब तथा लाला तालाब में करीब 5 से 6 साल पहले मोटर पंप लगा हुआ था। मोटर पंप के माध्यम से तालाब में साफ पानी भरा जाता था। लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण तालाबों में लगे मोटर पंप अब कहीं नजर नहीं आता। मामले में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा से बात करने का प्रयास किया गया। दोनों के मोबाईल पर घंटी गई, लेकिन दोनों उन्होंने नहीं उठाया, जिससे नगर पालिका का पक्ष नहीं लिया जा सका।

## खबर संक्षेप

### लकड़ियों का अवैध परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त



**बालोद।** जिले में पेड़ों की अवैध रूप से कटाई और परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग की टीम द्वारा रात्रि में गस्त लगाकर लकड़ी के परिवहन पर रोक लगाने का प्रयास किया जा है। रविवार की रात्रि पड़कीभाट बायपास मार्ग पर वन विभाग द्वारा गस्त लगाकर लकड़ी से भरे वाहनों को रोककर जाँच की गईं। इस दौरान तीन ट्रैक्टर पर अवैध लकड़ी परिवहन करते पाए जाने पर जब्त करने की कार्रवाई की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ट्रैक्टर के माध्यम से प्रतिबंधात्मक लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा था। इनमें अर्जुन, कसही सहित मिश्रित पेड़ों के गोले शामिल थे।

### श्रमिक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** ठेका श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-9 अस्पताल ठेका श्रमिक के रुप में काम कर रहे भावेश निर्मलकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल भेज दिया है। भावेश रविवार की दोपहर ग्राम ढौर गांव स्थित अपने मकान में फांसी लगा ली। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या का कारण नहीं लिखा है बल्कि नौकरी से मिलने वाली पीएफ और अन्य रकम को परिजनों को देने की बात लिखी हुई है। पुलिस ने बताया कि भावेश के आत्महत्या मामले में कारण जानने के लिए दोस्तों समेत परिजनों से पूछताछ करेगी।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**कुम्हारी।** मंदिर हसौद के ग्राम खुटेरी निवासी मानिकचंद यादव पिता स्व.तोरण यादव एवं शीतल यादव पिता रामआश्रय एक मोटर साइकिल पर भिलाई अपने रिश्तेदार को अस्पताल में देखने आये हुए थे। शाम लगभग 7:30 बजे वे घर लौट रहे थें कि अचानक अज्ञात वाहन ने कांजी हाऊस कुम्हारी में पीछे से ठोकर मारी दी जिससे मोटर साइकिल डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने से मोटर साइकिल चालक शीतल के सिर पर गंभीर चोट आई । 112 पोट्रोलिंग को ज्ञात होने पर घायल दोनों को कुम्हारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया।

## हादसा

### करहीभदर-गुरुर मार्ग पर ग्राम करकाभाट के पास हुई दुर्घटना

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

करहीभदर-गुरुर मार्ग पर ग्राम करकाभाट के पास सड़क हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को किसी वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि लगभग 8 बजे भाजपा नेता राकेश यादव गुरूर क्षेत्र में जनसंपर्क कर वापस बालोद आ रहे थे। उन्होंने करकाभाट के पास एक युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में देखा। युवक के बगल में ही एक बाइक पड़ी थी। बताया जा रहा है कि युवक बाइक से जा रहा था, जिसे किसी वाहन ने ठोकर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को राकेश यादव एवं उनके साथियों ने अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। राकेश स्वयं घायल युवक के साथ अस्पताल पहुंचे और चिकित्सा स्टाफ से युवक के बेहतर इलाज के लिए चर्चा की। लेकिन, गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार दुर्घटना के कारण युवक की कई हड्डियां टूट चुकी थीं और उसके सिर में गंभीर चोट आने के कारण खून बहुत ज्यादा बह चुका था।

- भाजपा नेता राकेश ने पहुंचाया अस्पताल, इलाज के दौरान हुई मौत

### शिकारी पारा निवासी भोजराज के रूप में हुई पहचान

मृतक युवक की पहचान शिकारी पारा निवासी भोजराज नेताम के रूप में हुई है। भोजराज एक निजी बैंक में पदस्थ था। वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 3508 से गुरुर की तरफ से अपने घर बालोद की ओर जा रहा था। इस बीच किसी अज्ञात वाहन के साथ उसकी टक्कर हो गई, जिसके कारण वह बेहोश पड़ा था।

### लगातार बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाएं

गौरतलब है कि इन दिनों सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लगभग दस दिन पहले सड़क किनारे खड़े पिकअप क्रमांक सीजी 24 बी 0204 को करहीभदर की ओर से जा रहे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 सी 1947 में सवार दो व्यक्तियों ने पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में घायल जय मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाने के इंजीनियर ओम प्रकाश ठाकुर का उपचार अभी भी चल रहा है।

### क्या है दुर्घटनाओं का कारण

सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण ज्यादातर ओवर स्पीड और शराब पीकर वाहन चलाने को बताया जा रहा है। वहीं, हेलमेट नहीं पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में चालकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़ते क्रम पर है। इसलिए वाहन चालकों को ओवर स्पीड, शराब पीकर और बिना हेलमेट पहने गाड़ी चलाने बचने की समझाइश दी जा रही है।

## कार-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

**कुसुमकसा।** लोहारा-बालोद तिराहे पर कार व मोटर सायकल की हुई जबरदस्त भिंडत में मोटर सायकल चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार यात्री सुरक्षित हैं। राजहरा थाना को सूचना मिलते पुलिस दल पहुँचकर घटना पहुंची और मृतक के शव को 108 वाहन से बीएसपी अस्पताल दल्लीराजहरा स्थित मर्च्यूरी भिजवाया। वहीं, कार एवं मोटर साइकिल को थाना भिजवाकर आवागमन को सुचारू रूप से चालू कराया। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 एनबी 9691 में लांजी-बालाघाट निवासी कार चालक संदीप भार्गव सहित दो साथी लांजी-बालाघाट से चित्रकूट जा रहे थे। इस बीच कुसुमकसा तिराहे पर



विपरीत दिशा से रांगसाइड से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 7939 के साथ कार की भिड़ंत हो गई। कार व बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी की उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल गए। घटना स्थल पर मोटरसाइकिल चालक लहूलुहान सड़क के किनारे पड़ा था। सिर पर गंभीर चोट लगने से काफी मात्रा खून सड़क में बह गया था। मोटर साइकिल चालक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान ऐश्वर्य चौधरी(22 वर्ष) परसतराई (धमतरी) निवासी के रूप में की गई। घटना में कार व मोटरसाइकिल के सामने के हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक बाइक चालक ऐश्वर्य चौधरी के परिजन घटना की जानकारी मिलने पर राजहरा थाना पहुंच गए। उनके बताए अनुसार मृतक अंतागढ़ में काम करता था, जहां से घर आने के लिए निकला था। राजहरा थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# नौकरी के नाम पर 24 लाख की ठगी, नागपुर से मास्टरमाइंड गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 24 लाख रूपए की ठगी के मास्टर माइंड को नागपुर से गिरफ्तार किया गया है। एक माह पूर्व इसी मामले में 1 आरोपी को दल्लीराजहरा से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

ठगी का मास्टर माइन्ड अंकुश मिश्रा लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। ज्ञात हो कि जिले के गुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुंदनी निवासी प्रार्थी अक्षय कुमार साहू ने 3 अप्रैल को शिकायत की थी कि आरोपी डुलेश कुमार साहू निवासी दल्लीराजहरा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रेलवे विभाग में टीसी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 12,00,000 रूपये लेकर धोखाधड़ी की है। इस मामले में गुरूर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 34 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कार्यवाही के दौरान डुलेश कुमार साहू निवासी दल्लीराजहरा को उसके गिरफ्तार कर पूछताछ किया। आरोपी ने बताया कि रेलवे अभ्यर्थियों से नौकरी के लिए पैसे लेकर वह पैसा कमीशन काटकर नागपुर निवासी अंकुश मिश्रा को दिया था। उसके बाद पुलिस आरोपी अंकुश मिश्रा को गिरफ्तार करने टीम बना कर नागपुर पहुंची। वहां, आरोपी अंकुश मिश्रा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ही उसके जब्त मोबाईल तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। मामले में और भी अभ्यर्थियों से ठगी होने का पता चला है। फिलहाल आरोपी अंकुश मिश्रा को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। वहीं, मामले में विवेचना जारी है।

- इसी मामले का एक आरोपी दल्लीराजहरा से माहभर पहले हो चुका है गिरफ्तार

## पाररास व बघमरा में लगाए जाएंगे नए ट्रांसफार्मर बिजली आपूर्ति बाधित

**बालोद।** 33/11 केवी उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केवी पाररास फीडर में दो स्थानों पर नया ट्रांसफार्मर लगाने एवं 11 केवी लाइन विस्तार का कार्य किया जाना है। इसके कारण उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली पाररास फीडर एवं बघमरा फीडर की विद्युत आपूर्ति 21 मई को प्रातः 9 बजे से 1:30 बजे तक बंद रहेगी। इसके अंतर्गत शिकारी पारा, कुदरूपारा, मधु चौक, रेलवे कॉलोनी, पाररास, रामदेव चौक, सदर रोड, बूढ़ापारा कॉलोनी, कचहरी चौक, सदर रोड, नयापारा, पाण्डेपारा, सिंधी कॉलोनी, परेंगुड़ा एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम जिला दुर्ग में हुई भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कई पालकों ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम जिला दुर्ग में कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक के शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में भर्ती प्रक्रिया माह मई, 2024 में पूरी कर फायनल लिस्ट जारी की गई है। कई पालकों एवं आवेदकों ने जारी पात्र सूची में कई अनियमितताओं का आरोप लगाया है। पालकों के अनुसार शासन के नियमानुसार पालकगण, आवेदकगण के पुत्र-पुत्री का नाम पात्र सूची लाटरी सिस्टम द्वारा किया जाना था, जो कि नहीं किया गया है और किसी भी पालकगण आवेदकगण को कोई सूचना जैसे मोबाईल पत्र के माध्यम से सूचना नहीं दी गई।

- कई पालकों ने की जांच व कार्रवाई की मांग



इस प्रकार शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष चयन समिति के सदस्यों द्वारा मनमानी कर अपने परिचित रिश्तेदारों पालकगण के पुत्र पुत्रियों को लाभ पहुंचाते हुए शासन के नियमों की अवहेलना कर पात्र सूची जारी की गई है। पालकों ने कहा कि 11 मई को किसी भी पालकगण,आवेदकगण को बगैर सूचना दिये शाला प्रांगण के सूचना बोर्ड में बगैर लाटरी किए फायनल लिस्ट तैयार कर पात्र सूची जारी कर दी गई। पालकों ने कहा कि ऑन लाईन आवेदन में यह दर्शाया गया है कि बच्चों का चयन प्रक्रिया लाटरी सिस्टम से किया जाना है, लेकिन ऐसा नहीं कर शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष चयन समिति के सदस्यों ने विधि विरुद्ध तरीके से चयन कर लिया। उन्होंने बताया कि ग्राम नगपुरा, कुम्हारी, अर्जुन्दा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# करोड़ों की सड़क बदहाल, पर मरम्मत नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम खोरदो से कंवर के मध्य जर्जर हो चुकी सड़क के डामर को उखाड़कर छोड़ दिया गया है।बीते एक माह से अधिक समय से सड़क ऐसे ही उखड़ी हुई है। उबड़-खाबड़, गिट्टी युक्त सड़क पर राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो गया है और दुर्घटना का कारण बन रही है।

- खोरदो से कंवर के बीच उबड़-खाबड़ व गिट्टीयुक्त सड़क पर लोगों का गुजरना हुआ मुश्किल



ग्राम दियाबाती से कंवर तक 124.44 लाख की लागत से 7.50 किलोमीटर लंबी सड़क का संधारण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क का कार्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। दियाबाती से खोरदो तक सड़क में डामर बिछाने का कार्य किया जा चुका है, लेकिन ग्राम खोरदों से कंवर के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## आवश्यकता है

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप



### तिलक लगाकर किया परीक्षार्थियों का स्वागत

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव नरेंद्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा में 29 हजार 200 छात्र छात्राएं शामिल हुए, जबकि 35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा। एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त प्रज्ञान सेठ द्वारा इस संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए, जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### यादव समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित यादव सामाजिक भवन में विगत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज से संबद्ध महानगर इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में शहर जिला अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि हिंदू रीति-रिवाज में विवाह के दौरान मौर सौंपने की परंपरा सालों से चली जा रही है। इस परंपरा को दूल्हे की सुहागिन माताओं के साथ अन्य सुहागिन रिश्तेदार महिलाएं निभाती हैं। विधवा माताओं को इस अधिकार से वंचित रखा गया है, लेकिन अब विधवा माताओं को भी दूल्हे पुत्र को मौर सौंपने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा समाज में किसी की मृत्यु होने पर कफन की जगह सहयोग राशि दी जाती है और मृत्युभोज स्वेच्छानुसार रखा गया है। इसी प्रकार कई शादी के नियमों को समाप्त किया गया। बैठक में परदेशीराम यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव, मयाराम यादव, बैसाखू राम यादव, सुरेंद्र यादव, मतवारी यादव, नरेश यादव, रामस्वरूप यादव, लेखापाल, घुरूआराम यादव आदि उपस्थित रहे।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में खुलेंगे जनौषधि केंद्र

**रायपुर।** लोगों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जनौषधि केंद्र खोले जाएंगे। अभी इसकी सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में नहीं है। जनौषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनआरोग्य योजना के तहत राज्य में कुल 200 जनौषधि केंद्र खोले गए थे, जिसमें से कई दुकानों पर ताले लग गए थे। इन दुकानों को पुनः खुलवाने लगातार प्रयास किया जा रहा है और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की ओर से भी इस पर गंभीरता दिखाई गई है।

### छत्तीसगढ़ सहकार भारती का प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकार भारती का प्रदेश अधिवेशन 6-7 जुलाई को होना सुनिश्चित हुआ है। इस संबंध में एक बैठक राष्ट्रीय कार्यसमिति तथा महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की संयोजिका शताब्दी पांडेय की उपस्थिति में हुई। प्रदेश का अधिवेशन हर वर्ष किया जाता है, इस अधिवेशन में निमित्त प्रदेश के जिला, तहसील एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। जहां जिलों से आने वाले सहकारिता से जुड़े सदस्यों की संख्या तथा सहकार मेले के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभयराम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठन राष्ट्र निर्माण में लगे हुए हैं।

# प्रदेशभर के 300 पंजीकृत नाचा-गम्मत कलाकारों ने दिया समाज सुधार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम


ग्राम निकुम में 17 से 19 मई तक तीन दिवसीय स्व.दाऊ रामचन्द्र देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव आयोजन के माध्यम से नाचा कलाकारों द्वारा मनोरंजन के माध्यम से नशा मुक्ति, शिक्षा के प्रति जागरुकता, स्वच्छता, जागरुकता के संदेश के साथ नाचा गम्मत के 18 पार्टी ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस आयोजन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे, संयोजक प्रदेश स्तरीय नाचा महोत्सव जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, ग्राम सरपंच मुक्ति सुधाकर सहित अतिथियों ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि जो नाचा गम्मत के माध्यम से लोक कला संस्कृति लुप्त हो रही है, इसे भी से संजोकर रखे, जिससे लोक कलाकारों का आत्मसम्मान बढ़े। रुपेश देशमुख ने नाचा गम्मत को सहेजने संकल्प लेते हुए कहा कि नाचा महोत्सव से कलाकारों को फिर से पहचान मिल रही है। हम अपनी संस्कृति कला, माटी से जुड़ रहे हैं। अब निकुम आने वाले वर्ष में फिर से भव्य रुप से नाचा गम्मत महोत्सव 2025 में होगा।

वहीं, इस आयोजन प्रदेश के 300 पंजीकृत नाचा के कलाकार पहुंचे, जिसमें कुल 18 नाच पार्टियों ने समाज, परिवार, गांव, शहर, पारिवारिक, अंधविश्वास, रुढ़ीवादी पर बेहतर संदेश है।

**ग्राम निकुम में दाऊ रामचन्द्र देशमुख नाचा गम्मत महोत्सव का हुआ समापन**





**व्यंजनों पर चर्चा**

वही छत्तीसगढ़ी की अमारी भाजी भोजन भंडारे में चर्चा का विषय रहा, जिसमें कढ़ी, अमारी भाजी सहित छत्तीसगढ़ व्यंजन रहा। सरपंच निकुम मुक्ति सुधाकर, रुदा संरपच हुल्ली बाई साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार साहू, नाचा गम्मत प्रदेश अध्यक्ष रंजित चक्रधारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तुलेश्वर वर्मा, प्रदेश सचिव ध्रुव कुमार साहू सहित माखन साहू व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन नाचा महोत्सव देखने अंचल से पहुंचे।

**कार्यक्रम : लक्ष्य मैदान में प्रशिक्षण शिविर जारी**

# अंडा में पुलिस भर्ती का बालक और बालिकाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

लक्ष्य मैदान अंडा में छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती फिजिकल प्रशिक्षण शिविर निशुल्क दिया जा रहा है इसमें पुलिस भर्ती से संबंधित के लंबी कूद 800 मीटर 100 मीटर ऊंची कूद, गोला फेंक के साथ ही कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, फूटबॉल, वुशु जैसे खेलों का बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में लगभग आसपास के 10 गांव के 100 बच्चे बालक, बालिका ले रहे हैं। इस मैदान में विगत 20 सालों से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। यहां प्रशिक्षण लेने के बाद कई युवा देश की सेने में अपनी सेवा दे रहे हैं। प्रशिक्षण में सहयोग आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंचों के द्वारा मिलता है। साथ ही प्रशिक्षण के रूप में सैनिक भाई का योगदान रहता हैं, जो छुट्टी में आते हैं। वह भी समय-समय में बच्चों को मोटिवेशन और प्रशिक्षण देते हैं





प्रशिक्षण में प्रमुख सहयोगी व मार्गदर्शन, भारत यादव, खिलेंद्र चंद्राकर ,युवराज देशमुख , उदित नारायण साहू,भारत भूषण साहू,गुलशन दिल्लीवार, अनिल कुमार सिन्हा,निशांत,चंद्राकर बंटी चंद्राकर,एमन देशमुख, सुमेंद निषाद, राहुल देशमुख , खिलेंद धीवर ,गालव देशमुख, मनीष,डिलेश साहू,तोईस धीवर, दुष्यंत साहू , विक्रम देशमुख , खिलेंद साहू ,उमेश साहू, टोमेंद्र देशमुख, मोरध्वज साहू , व ग्राम पंचायत कुथरेल उपसरपंच लोमस चंद्राकर आदि का विशेष सहयोग रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले कुछ खिलाड़ियों का नाम दीपेश देशमुख, छविता दिल्लीवार, रश्मि धीवर , सोनाली ओझा, कुलेश्वरी पटेल, जीतेंद्र कुमार साहू, कमलेश साहू,पंकज, प्रशांत मिथिलेश देशमुख, चित्रसेन ,सोनू साहू ,सोनू देशमुख मनीष यादव, पीयुषा देशमुख ,प्रीति ,नम्रता,सुमन देशमुख ,सुमन सोनवानी ,रितिक यादव, आकाश, विवेक, अंजलि ,भूमिका ,गुलाब ,राकेश चक्रधारी,चंदन देशमुख पेमीन,धनेश्वरी ,पायल साहू, प्रशांत, जितेश देशमुख, रितु साहू, तरुण साहू, लल्ला साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# समय पर गुणवत्तापूर्ण करें निर्माण कार्यों को पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत, पूर्ण तथा अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में प्रगतिरत सभी सड़क निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एडीबी, नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाय सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार जिले में प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सड़क, भवन तथा मरम्मत के कार्यों की जानकारी तथा सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों से जिले में गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माणाधीन कार्यों के पूरा होने की अवधि की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने पीएमजीएसवाय एवं एडीबी के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्माण कार्य में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कर समय–सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

# बूढ़ातालाब में नौकाविहार शुरू पुरानी एजेंसी ने उतारी 2 नई नाव

- बूढ़ातालाब पर्यटन मंडल को हेंडओवर
- शहरवासी परिवार संग ले सकेंगे बोटिंग का लुत्फ, फिर दिखेगी रौनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बूढ़ातालाब में रविवार से नौका विहार की सुविधा शहरवासियों के लिए एक बार फिर से उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए अभी शुरूआत में 2 नई बोट सरोवर में उतारी गई है। जिसमें लोग परिवार के साथ नौका विहार का आनंद उठा सकेंगे। पहले ही दिन बच्चों ने अपने पालक के साथ नई बोट की सवारी कर नौका विहार का लुत्फ उठाया। रायपुर नगर निगम द्वारा बूढ़ातालाब को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल को हेंडओवर करने के बाद पुरानी एजेंसी द्वारा नौका विहार की सुविधा उपलब्ध कराने 2 बोट की सुविधा शुरू की गई है।

### एंट्री पाइंट पर टिकट की व्यवस्था

एक अरसे बाद शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर में आकर्षक बोट देखकर लोगों का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। पूछने पर पता चला कि सरोवर में बोटिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए पर्यटन मंडल से अनुबंधित पुरानी एजेंसी द्वारा विवेकानंद सरोवर में बोट उतारी गई है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में कुछ नए बोट भी शहरवासियों को नौकायन की सुविधा दिलाने उपलब्ध कराए जाएंगे। बोटिंग करने वालों के लिए बूढ़ातालाब के एंट्री पाइंट पर टिकट की व्यवस्था रहेगी। जहां अपनी सुविधा अनुसार लोग बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे।

**इस बार संचालन करने नहीं मिली एजेंसी तो 30 मई से स्टेशन सफाई अनुबंधों से होगा चालू**

# निर्माण के 3 साल बाद अब खुलेगा पब्लिक टॉयलेट का ताला, रेलवे ने जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे, शीर्षक से हरिभूमि ने 13 मई के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब रेलवे ने मामले को संज्ञान लेते हुए एक बार फिर टेंडर जारी किया है। इस बार रेलवे ने टेंडर की राशि को कम किया है और साथ ही संचालन की शर्तों को भी बदला है। अब तय हो चुका है कि एसईसीएल के सीएसआर फंड से बना स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तीन साल बाद खुलेगा। हरिभूमि ने बताया था कि पब्लिक टॉयलेट में लंबे समय से ताला लगा हुआ है, जिससे आधुनिक सुविधाओं का लाभ यात्रियों को नहीं मिल रहा है। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि स्टेशन परिसर में बने 15 टॉयलेट के लिए दो बार निविदा जारी की गई। इससे पहले आरक्षित मूल्य तक की बोली लगाने वाला कोई नहीं आया, इसलिए इन्हें निरस्त करना पड़ा।



रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल के 15 स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तो बनवा दिए, लेकिन इसका संचालन तीन साल में भी शुरू नहीं किया जा सका है। पब्लिक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है, अब विना उपयोग के ये प्रसाधन कक्ष कबाड़ हो रहे। मंडल के अधिकारी बदल गए, लेकिन कोई भी पब्लिक टॉयलेट शुरू नहीं करा पाया। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दी थी, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक टॉयलेट बनाने पर 8 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पुरुषों-महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा रैंप भी बनाया गया है।

मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च

खराब हो रही मशीन मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। दो साल से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप पर लगे टाइल्स टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।



जल्द शुरू करेंगे

सीएसआर फंड से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर बने पब्लिक टॉयलेट का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। पूर्व में भी संचालन के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई एजेंसी या कंपनी सामने नहीं आई। अब फिर से प्रयास किया जाएगा, ताकि पब्लिक टॉयलेट की सुविधा लोगों को मिल सके। - अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल

इन स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट

सीएसआर फंड से रायपुर, सरोना, कुम्हारी, दुर्ग, हथबंद, सिलयारी, तिल्दा, बिल्हा, ए, केबिन, भाटापारा समेत अन्य स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट बनाए गए हैं, जिसमें केवल दुर्ग में ही इसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अन्य जगहों पर रेलवे संचालन के लिए एजेंसी ही नहीं ढूंढ पाया है।

दो साल में एक बार किया टेंडर : जोन एवं मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए दो साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए रेलवे ने अभी तक केवल एक बार ही टेंडर जारी किया। 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए थे, लेकिन इनके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। छोटे स्टेशनों के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं किया गया है।

### एजेंसी मिले इसलिए घटा दिए आरक्षित मूल्य

पब्लिक टॉयलेट को संचालित करने के लिए तीसरी बार 15 मई को ई-नीलामी के माध्यम से निविदा जारी की गई है और नीलामी की तिथि 29 मई तय की गई है। आरक्षित मूल्य पहले 25 लाख था, जिसे अब घटाकर 15 लाख कर दिया गया है। यदि इस बार भी निविदा विफल होती है, तो ठेकेदार की सहमति होने पर मौजूदा स्टेशन सफाई अनुबंधों के साथ शौचालयों को संचालित करने की योजना है। स्वास्थ्य निरीक्षक और वाणिज्य निरीक्षक की एक टीम द्वारा एक संयुक्त सर्वेक्षण पहले ही पूरा कर लिया गया। बता दें कि 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हरिभूमि की खबर के रेलवे प्रशासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए हैं।

### सफाई अनुबंध के साथ चालू करेंगे

पब्लिक टॉयलेट का संचालन करने ई-नीलामी के माध्यम से निविदा जारी की गई है। यदि इस बार भी 29 मई को निविदा विफल होती है, तो इसे मौजूदा स्टेशन सफाई अनुबंध के साथ चालू किया जाएगा।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल*

**लगातार पानी लेने से गिर रहा जलस्तर**

# हमर लैब भवन निर्माण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पंप से लिया जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास हमर लैब के लिए भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा अस्पताल के मोटर पंप से पानी लिया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए लगातार मोटर के चलने से भूजल स्तर गिर रहा है, जिससे अस्पताल में भविष्य में जल संकट का खतरा उत्पन्न हो गया है।

भवन निर्माण कार्य किस विभाग द्वारा किस ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, यह बहुसंख्यक लोग नहीं जानते, क्योंकि कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड दिखाई नहीं दिया। भवन निर्माण कार्य अभी प्रारंभिक स्थिति में है। इस भवन के लिए ठेकेदार द्वारा अस्पताल के ट्यूबवेल से पानी लिया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए लगातार ट्यूबवेल चलाने से अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं अस्पताल के कार्यों के लिए पानी की किल्लत हो सकती लगी है। वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण पानी की आवश्यकता अधिक पड़ रही है, वहीं नगर का भूजल स्तर पहले से ही कम हो रहा है, ऐसे में भवन निर्माण के लिए अस्पताल के



ट्यूबवेल से पानी लिए जाने से अस्पताल प्रबंधन के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। वर्तमान में अस्पताल के लिए पानी जरूर मिल रहा है, लेकिन आवश्यकता से कम मात्रा में।

आरोप है कि अस्पताल के ट्यूबवेल से पानी लेने के लिए ठेकेदार ने सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली है। वहीं, ट्यूबवेल के सिस्टम में परिवर्तन कर उसमें अपने लिए पृथक से प्वाइंट लगाकर लगातार निर्माण के लिए पानी ले रहा है। बताया गया है कि अस्पताल में उक्त भवन निर्माण के आरंभ होने के समय से ही ठेकेदार द्वारा पानी के लिए लगातार ट्यूबवेल चलाया जा रहा है। इससे अस्पताल को बिजली बिल का अतिरिक्त भार भी पड़ेगा, जिसका वहन अस्पताल प्रबंधन को करना होगा।

### स्टीमेट में पानी के लिए प्रावधान

बताया जाता है कि स्टीमेट के अनुसार ठेकेदार को पानी के लिए स्वयं से व्यवस्था करनी है एवं उनके लिए भारी-भरकम राशि का प्रावधान भी स्टीमेंट में किया गया है। लेकिन उसके बाद भी ठेकेदार द्वारा मरीजों व अस्पताल प्रबंधन के लिए आरक्षित ट्यूबवेल से भवन निर्माण के लिए पानी लिया जा रहा है एवं अस्पताल प्रबंधन मूक दर्शक बना हुआ है। इससे पानी की कमी से जूझ रहे मरीजों में आक्रोश फैल रहा है।

## पेज 11 के शेष

### स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम ...

मोहदीपाट में सभी पालकों की उपस्थित में 15 मई को लॉटरी सिस्टम से छात्र-छात्राओं की पात्रता सूची जारी की गई। पालकों ने उक्त सूची को निरस्त कर फिर से लॉटरी निकालकर पात्र छात्र-छात्राओं का चयन करने की मांग की है। इसके साथ ही दोषी लोगों के विरूद्ध विभागीय जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। शिकायतकर्ताओं में अश्वनी सेन, उमाशंकर निषाद, पुनितराम वर्मा, मोरजध्वज बेलचंदन, चन्द्रहास, पुनित राम निर्मलकर, तामेश्वर निर्मलकर, देवेन्द्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### करोड़ों की सड़क...

मध्य की सड़क के डामर को उखाड़ने के बाद एजेंसी उस पर कार्य कराना ही भूल गई। इससे डामर उखड़ी सड़क अब राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। वहीं, यह उबड़-खाबड़ व गिट्टी से भरी हुई है, जिसमें दो पहिया वाहन चालक गिर रहे हैं।

इसका सूचना बोर्ड जरूर लगाया गया है, लेकिन यह अधूरा है। सूचना बोर्ड में कार्य आरंभ की तिथि एवं कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि का उल्लेख नहीं है। इस बात का भी उल्लेख नहीं है कि कार्य किस प्रकार से कराया जाना है। ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण बरसात के पूर्व पूर्ण कराने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### नीलिमा समर्पण अवार्ड 2024 से सम्मानित

**कुसुमकसा।** बालोद जिले के आदिवासी ब्लॉक डोंडी के एक आदिवासी किसान की बेटी नीलिमा श्याम को रायपुर होम्स द्वारा समर्पण अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदान किया। बालोद जिले के ग्रामीण अंचलों में बाल श्रम एवं शिक्षा के क्षेत्र और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीब लोगों के लिए निस्वार्थ सेवा के रूप में निरंतर 8 सालों से नीलिमा काम कर रही हैं। आज उनके प्रयासों से मूकबधिर बच्चों जिनको स्पीच थेरेपी के लिए रायपुर जाना पड़ता था, लेकिन अब उनकी मांगों को स्वीकार करते हुए हर ब्लॉक में स्पीच थेरेपी का कार्यक्रम चल रहा है। छत्तीसगढ़ में, 200 से ज्यादा बच्चे को निशुल्क पढ़ा चुकी हैं और वह स्वयं उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रही हैं। अंदरूनी क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के लिए हमेशा शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए उनके हक अधिकार के लिए आगे रहती हैं। नीलिमा के अनेकों कार्य को देखते हुए रायपुर होम्स ने एक सम्मान उनके लिए जो जीते हैं दूसरों के लिए का समर्पण अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। नीलिमा श्याम के सम्मानित होने पर अंचल के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### इंटरनेशनल डांस एवं म्युजिक फेस्टिवल में चिटौद के कलाकार राहुल सम्मानित



**बालोद।** नेपाल काठमांडू में आयोजित इंटरनेशनल डांस एवं म्युजिक फेस्टिवल 2024 में सोनहा बादर चिटौद के कलाकार, राहुल साहू को लोक नृत्य व कत्थक मे कला रत्न अवार्ड प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश, प्रतापगढ़, दमोह, असम, कटक, पुणे, सिलीगुड़ीई सहित देश विदेश के कलाकारों ने प्रस्तुति दी थी। ग्राम चिटौद के छत्तीसगढी लोककला मंच सोनहा बादर व श्रुति संगीत विद्यालय चिटौद के विद्यार्थी एवं कलाकार राहुल साहू का भी प्रदर्शन हुआ। इसमें सोनहा बादर व श्रुति संगीत विद्यालय के कलाकारों व विद्यार्थियों को क्रमशः नृत्य पशुपतिनाथ सम्मान, नृत्य मनाकामना सम्मान, नृत्य कला सम्मान व कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जहां लोक नृत्य के साथ राहुल साहू को कत्थक में कला रत्न का बेस्ट पुरस्कार मिला। संगीत विद्यालय के संचालक, निर्देशक व राहुल साहू के संगीत गुरु जितेन्द्र साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में दो लोक नृत्य व एक ड्रामा की प्रस्तुति शिमला हरियाणा में दी थी, जहां पर उनकी प्रस्तुति को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व बेस्ट फ्ले अवार्ड से सम्मानित किया।

### प्राची को पीएचडी

**रायपुर।** रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली ने प्राची अनर्थ को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें 'शिक्षा' विषय पर पीएचडी मिली है। उन्होंने रायपुर जिले के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की आधुनिकता के प्रति अभिवृत्ति का उनकी अध्ययन आदतों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया है।

**कार्यक्रम :** जिलेभर में ग्रीष्मकालीन खेल व समर कैंपों का किया जा रहा है आयोजन

# शिविरों में निखर रहीं प्रतिभाएं, खेल सहित कई कलाओं की बारीकियां सीख रहे बच्चे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में चल रहे जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में जूनियर वर्ग के बालक–बालिका खेल का प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्पोर्ट्स ग्राउण्ड में विभिन्न खेलों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु स्पोर्ट्स किट की भी पूरी व्यवस्था की गई है। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों के बेहतर सेहत हेतु उन्हें गुड़ एवं चना का भी वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले के खिलाड़ियों को खेलविधा से परिचय कराने, खेल के तकनिकी ज्ञान से अवगत कराने एवं उनके खेल कौशल को निखारने हेतु 21 दिवसीय आयोजन 13 मई से 02 जून तक किया जा रहा है।

▪ स्पोर्ट्स ग्राउण्ड में विभिन्न खेलों का दिया जा रहा है प्रशिक्षण



जिसमे फुटबॉल, मार्शल आर्ट जु–जित्सु, ताईकाव्डो, एथलेटिक्स, कलियारी पट्टू, भारोत्तोलन, हॉकी, कबड्डी और क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि बालोद स्थित संस्कार शाला मैदान में फुटबॉल, जु–जित्सु, स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल इंडोर स्टेडियम में त्वाईकाण्डो, कलियारी पट्टू, सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फिटनेश व्लर्ड जिम में भारोत्तोलन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्नेवाड़ा में हॉकी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा में कबड्डी का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है।

## झोफरा स्थित आंगनबाड़ी में शुरू हुआ समर कैंप



**गुण्डरदेही।** बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने एवं उनमें सर्वांगीण विकास लाने चार दिवसीय समर कैम्प का आयोजन 20 मई से 24 मई तक झोफरा के आंगनबाड़ी भवन में किया जा रहा है। समर कैम्प के प्रथम दिवस की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर व राज्यगीत गाकर किया गया, सभी बच्चों ने बारी बारी से अपना अपना परिचय दिया, दिव्यांशी लबली सिमर व अन्य स्कूली बच्चो के द्वारा सु– स्वागतम गीत पर नृत्य किया गया, फिर गोल घेरे में बाल लुढ़काने की खेल आधारित गतिविधी कराई गई। इसी प्रकार इन चार दिनों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई जाएगी जिसमे ड्राइंग, पेंटिंग, हस्त– लेखन, मेंहदी, रंगोली,कागज के खिलौने बनाना, खेल खेलना एवं नृत्य सीखना जैसी अनेक क्रियाकलापों पर आधारित यह आयोजन किया जाना है। शासन के आदेश के तहत एवं पालको की सहमति लेकर ही इस समर कैम्प का आयोजन किया गया है, झोफरा के गायत्री ठाकुर द्वारा शाला परिवार को दिए गए 5 हजार रुपए की सहयोग राशि से बच्चो के लिए साउंड सिस्टम खरीदा गया, जिसमें बच्चों ने रिकार्डिंग डांस और गीत कविता की प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन से बच्चों में उत्साह देखने को मिल रहा है और शाला के शत प्रतिशत बच्चे इस समर कैम्प का लाभ उठा रहे हैं। आज के प्रथम दिवस में प्रधान पाठक जीएस. निर्मल, सहायक शिक्षक बीके महतो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीता बांधे, सहायिका सुशीला ठाकुर का मार्गदर्शन रहा।

## समर कैम्प में कुछ नया सीख रहे बच्चे



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। लाभ ले रहे छात्र–छात्राओं ने बताया कि स्कूल में समर कैम्प लगने से वे काफी उत्साहित हैं। घर में रहने से अच्छा है यहाँ स्कूल में आकर कुछ नया सीख लें। बता दें कि समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षा, नृत्य, कराटे, योगा, रंगोली, संगीत एवं ड्रामा क्लास का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैम्प के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के होने से सभी विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप उन गतिविधियों में शामिल होकर अपना कौशल का विकास तथा ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के स्कूलों में समर कैम्प के आयोजन से स्कूली छात्र–छात्राएँ बहुत ही उत्साहित हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कारगर सिद्ध हो रहा है।



# किल्लेकोड़ा में दिया जा रहा विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा के सभागार में शासन के आदेशानुसार समर कैंप का आयोजन सोमवार को प्रातः 7 बजे अजय मुखर्जी प्राचार्य के संरक्षण में किया गया। इस अवसर अजय मुखर्जी प्राचार्य ने कहा कि शासन की योजना है कि समर कैंप के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी अधिक से अधिक देकर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके । समर कैंप प्रभारी डॉ बी .एल. साहसी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण ,अभिव्यक्ति कौशल, कैरियर गाइडेंस, योग , पत्र लेखन आदि की जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना शासन का उद्देश्य रहा है । वाय. एस. मरकाम (वरिष्ठ व्याख्याता) ने कहा कि आने वाले दिनों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन ,गणितीय कौशल ,खेलकूद का जीवन में महत्व, योग शिक्षा ,रंगोली, चित्रकारी,निबंध, मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है ,और ऐसे कार्यों में उपस्थित होकर छात्र-छात्राएं अपने जीवन को सफल व सार्थक बना सकते हैं।

प्रथम दिवस सी.जी. पटेल व्याख्याता के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ में आईसीटी से संबंधित जानकारी दी गई जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं किसी भी टॉपिक को कैसे हल कर सकते हैं, जानकारी दी गई। घनश्याम पटेल व्याख्याता ने भाषा कौशल तथा पत्र लेखन आज की स्थिति में कैसा लिखा जाए के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, इस दौरान लगभग 40 छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफ जिनमें प्रमुख रूप से जे.पी .बांधव व्याख्याता ,हेमेंद्र साहू व्याख्याता, त्रिजिला ठाकुर मैडम उपस्थित थे।

## कोटेरा में बच्चों को दिया गया गायन का प्रशिक्षण





**डौंडीलोहारा।** बच्चों में सृजनात्मक विकास और कौशल को बढ़ाने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सभी पालक और बालक शिक्षक मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने का प्रयत्न अवश्य करेंगे। समर कैंप में बच्चों की प्रतिभा सामने आती है उनकी प्रतिभा को तराशा जा सकता है। समर कैंप में कला एवं रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बात समर कैम्प के प्रथम दिवस में गायन विधा अंतर्गत प्रशिक्षक जय सोरी एवं परमेश्वरी सोरी ने बच्चों को लयबद्ध सरगम की जानकारी देने के बाद कही। कैम्प में भोला राम गोयल प्रधान पाठक,रवि मंडावी प्रधान पाठक,शिक्षक नागेंद्र प्रसाद काठौर,हेमंत दखने, पी सी महलेश्वर,लितेश देवांगन,टोमन लाल मालेकर संकुल समन्यवक कोटेरा सहित 56 बच्चों की उपस्थिति रही।

## नि:शुल्क कोचिंग के लिए लिया गया टेस्ट



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला ग्रंथालय बालोद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े जिले के विद्यार्थियों को ऑनलाईन माध्यम से बेहतर कोचिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 30 युवाओं ने जिला ग्रंथालय बालोद में आयोजित टेस्ट में हिस्सा लिया। इसमें राज्य लोक सेवा आयोग और व्यापम की तैयारी कर रहे युवा शामिल थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बालोद द्वारा संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग सहित रेलवे, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं को ऑनलाईन माध्यम से बेहतर कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।




Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# प्रशिक्षित बहनों का पथ संचलन आज, शस्त्र व दंड के साथ प्रमुख मार्गों से गुजरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद प्रान्त दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन 21 मई को बालोद शहर के संस्कार शाला में होगा। दोपहर 3 बजे से प्रशिक्षित बहनों के द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर पथ संचलन करते मुख्य समारोह स्थल पहुचेंगी।

बालोद शहर में पहली बार बड़ी संख्या में बहनें हाथ में शस्त्र व दंड लेकर संचलन करेंगी, जिसकी तैयारी संगठन द्वारा की गई है। समापन समारोह के लिए दिल्ली से केंद्रीय पदाधिकारी बसंत रथ केंद्रीय सत्संग प्रमुख सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी बालोद पहुंच गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सरल मोदी ने छठवें दिन वर्ग में पहुंचे व बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विहिप का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना, हिन्दू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है।

देश के लाखों गांवों, कस्बों में संगठन एक प्रभावी, स्थायी और लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। विहिप एक आत्मविश्वासी हिन्दू संगठन के रूप में धीरे-धीरे आकार ले रहा है। सरल मोदी ने बताया कि देश भर में 85 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प, 70 हजार संस्कार केंद्र, 2272 शिक्षा केन्द्र, 1752 स्वास्थ्य केंद्र, 1494 स्वालंबन केंद्र सहित शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद प्रान्त दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन आज





**ये रहे मौजूदः** बौद्धिक सत्र में प्रेमलता बिसेन प्रांत उपाध्यक्ष,जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,प्रांत सह संयोजिका दुर्गावाहिनी पूजा जैन,प्रीति दुबे, वर्ग शिक्षिकाएं करीना देवांगन,तनीषा मिश्रा,उषा साहू,हेमा साहू,सीमा साहू,संगम निर्मल साहू,रूपेंद्र सिन्हा,दीपक यादव संघ परिवार से,गुंडरदेही छाया विधायक वीरेंद्र साहू,जिला मंत्री राज सोनी,उमेश सेन,मोनू सोनवानी, बोधन भट्ट, सुरेश निर्मलकर,सत्या साहू,स्वेता राजपूत, योगिता साहू,बेबी ओझा,जानकी यादव,उषा साहू,पद्मिनी साहू,धारणी निषाद,पुनिता मिश्रा ,सोना साहू,भगवती साहू,मोहित साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**इन मार्गों से होकर गुजरेंगी बहनें:** संस्कार शाला से प्रारंभ होकर यात्र शीतला मन्दिर, जय स्तम्भ चौक, मधु चौक, हलधर नाथ योगी चौक, सदर बाजार, पुराना बस स्टैंड, घड़ी चौक, दल्ली चौक होते हुए संस्कार शाला मैदान मुख्य आयोजन स्थल पहुचेंगी व शस्त्र प्रदर्शन करेंगी। धमतरी, राजनांदगांव, कांकेर, रायपुर, बिलासपुर दुर्ग, बलौदाबाजार से भी समापन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के संगठन के कार्यकर्ता आएंगे, वही बालोद जिला के सभी 5 प्रखंड से मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी, बजरंग दल सहित वर्ग में शामिल बहनों के परिवारजन भी आयोजन में आएंगे।

## खबर संक्षेप



### रेलवे प्लेटफार्म पर फर्राटे भर रहे बाइकर्स

**बालोद।** रेलवे प्लेटफार्म इन दिनों मोटर सायकल चालकों का पसंदीदा स्थल बन गया है। वे बेरोकटोक प्लेटफार्म में फर्राटे से मोटर सायकल चला रहे हैं। इससे यात्रियों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है।

### जिला महार समाज कोसरिया शाखा के अध्यक्ष बने खेमलाल



**बालोद।** जिला महार समाज कोसरिया शाखा के संगठन की बैठक करहीभदर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष खेमलाल आमदे, उपाध्यक्ष अर्जुन उन्द्राले, सचिव गोलू, कोषाध्यक्ष सहसचिव रामेश्वर लावत्रे, कोषाध्यक्ष लीलाराम शहरे को चुना गया। विशेष सलाहकार सदस्य रामप्रसाद लाडेकर, नरेश तामुरिया, भागवत लावत्रे, लक्ष्मण वारदे, धनीराम कोटांगले, नारायण कौशल, झुमुकलाल शहरे, मंशाराम टेमरे व मीडिया प्रभारी खिलेंद्र कुमार को मनोनीत किया गया।

### रेलवे स्टेशन में किया गया यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बालोद।** रेलवे स्टेशन बालोद में उच्च रक्तचाप परीक्षण के संबंध में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान भारत एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज बालोद के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने स्टेशन में यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप से संबंधित लक्षण, उपचार व सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में भारत कॉलेज के प्रिंसिपल डेनियल दीपक मसीह एवं मारूति कॉलेज के प्रिंसिपल सिजो कोशी तथा शिक्षक भी उपस्थित थे।

## जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ा जिला मुख्यालय का सबसे बड़ा स्टेडियम

# लाखों खर्च कर स्टेडियम में लगाई गई थी घास, अब वहीं बिछा दी बजरी और रेत



यह तस्वीर 19 अक्टूबर 2022 की है



यह तस्वीर मई 2024 की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

येह दोनों तस्वीर जिला मुख्यालय के सबसे बड़े स्टेडियम की अलग-अलग समय की है। जुलाई 2022 में लाखों रुपए खर्च कर स्टेडियम की मरम्मत की गई थी। इसके साथ ही लाखों रुपये खर्च कर स्टेडियम के बीचों-बीच घास लगाई गई थी, ताकि खिलाड़ियों को खेलने के दौरान किसी भी तरह चोटिल होने से रोका जा सके और स्टेडियम की खूबसूरती भी बढ़ जाए।

लेकिन अब स्टेडियम की देख रेख सही तरीके से नही होने पर स्टेडियम की स्थिति फिर से बदल गई है। करीब दो साल पहले यहां घास लगाई गई थी, तब यहां की तस्वीर अलग थी। स्टेडियम हरे घास से काफी खूबसूरत दिखने लगा था, लेकिन स्टेडियम की खूबसूरती ज्यादा दिन नहीं टिक पाई और इस खूबसूरती में पालिका प्रशासन की लापरवाही से ग्रहण लग गया। कुछ महीनों पहले हरे भरे घास को जीरा गिट्टी से पाट दिया गया था, तो वहीं अब उस पर रेत बिछा दी गई है। कुल मिलाकर लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए घास पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। पहले तस्वीर में घास हरी-भरी लग रही है और पानी का छिड़काव भी हुआ है, इससे स्टेडियम और भी खूबसूरत नजर आ रहा था। लेकिन दूसरे तस्वीर में नजारा कुछ और ही है। तस्वीर में साफ देख सकते हैं कि स्टेडियम में लगाये गए घास गायब हो चुकी है। घास की जगह सिर्फ रेत, मिट्टी, मुरुम और जीरा गिट्टी (पत्थर) नजर आ रहे हैं। देखरेख के अभाव में ही यह स्थिति निर्मित हुई है।

### जुलाई 2022 में लगाई गई थी घास

आपको बता दें कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा जुलाई 2022 में स्टेडियम का मरम्मत कराने लाखों खर्च किये उसी समय स्टेडियम में घास भी लगाई गई, हालांकि 2–3 माह तक घास की देखरेख और समय समय पर पानी का छिड़काव कर दिया जाता था, लेकिन उसके बाद से करीब डेढ़ साल से यहां पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है जिसके चलते हरे भरे मैदान की जगह अब बंजर नजर आ रहा है।

### और कोई सुविधायुक्त खेल मैदान नहीं

वर्तमान स्थिति को देखकर कहा जा सकता है कि शासन के लाखों रुपए घास रेत, मिट्टी और मुरुम में दफन हो गया है। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय में एक भी ऐसा खेल मैदान नहीं है जहां खिलाड़ियों को मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। स्टेडियम एक मात्र बड़ा खेल मैदान है जहां पालिका की ही अच्छी पहल से घास लगा कर स्टेडियम को और बेहतर बनाने की कोशिश की गई, लेकिन देखरेख सही ढंग से नहीं होने के कारण स्टेडियम का यह कार्य भी लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। मामले में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा से बात करने का प्रयास किया गया। दोनों के मोबाईल पर घंटी गई लेकिन दोनों ने ही मोबाईल नहीं उठाया, जिससे नगर पालिका का पक्ष नहीं लिया जा सका।



## शासकीय विद्यालय घीना में शुरू हुआ समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना व पूर्व माध्यमिक विद्यालय घीना में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन योगा के अंतर्गत विभिन्न आसनों की जानकारी दी गई। छात्रों को ताड़ासन, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी का अभ्यास कराया गया। खेल प्रभारी सीएच साहू ने विभिन्न खेलों की जानकारी दी। योग शिक्षक एलके तारेंद्र ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के प्राचार्य एमएल ठाकुर ने समर कैंप के आयोजन के संबंध में उपस्थित पालकों, बालकों व शिक्षकों को जानकारी दी।

पहले दिन बच्चों को गुलदस्ता बनाने संबंधी गतिविधियां कराई गईं। उपस्थित बच्चों ने बड़े ही अच्छे ढंग से गुलदस्ता बनाना सीखा। कार्यक्रम में संस्था प्रधान केशर पटेल, कुलेश्वर प्रसाद सिन्हा, ठाकुर राम साहू, रूपसिंह रावटे, पाविस चंद्राकर व शाला विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य बिंझवार तारम तथा लगन तारम उपस्थित थे।



# ग्रामीणों ने नाली की गहराई व चौड़ाई बढ़ाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ फागुनदाह के ग्रामीणों की मांग पर गांव पहुंचा प्रशासन

ग्राम पुरूर से अरकार बेल्हारी तक बन रही सड़क एक बार फिर विवादों में आ गई है। ग्राम फागुनदाह के ग्रामीणों ने ग्राम के पास सड़क किनारे बन रही नाली को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है।ग्रामीणों की आपत्ति के बाद प्रशासन ग्राम फागुनदाह पहुंचा।

ग्राम फागुनदाह के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के किनारे बन रही नाली का आकार छोटा है। वर्तमान मे 2 बाई 2 आकार की नाली बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फागुनदाह प्रतिवर्ष बाढ़ से घिर जाता है, छोटी नाली बनने से पानी की निकासी ठीक से नहीं होगी एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित होगी। ग्रामीणों ने नाली की गहराई व चौड़ाई 3–3 फीट रखने की मांग की है।


ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे बन रही नाली को लेकर ग्रामीण ग्राम की समस्या से लगातार ठेकेदार को अवगत करा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी छ.ग राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना एडीबी प्रोजेक्ट के अधिकारी भी नहीं सुन रहे हैं।

इससे आक्रोशित ग्रामीण मांग पत्र लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर गुरूर एसडीएम पूजा बंसल ग्राम फागुनदाह पहुंचीं एवं स्थल निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों व निर्माण एजेंसी से चर्चा करने के बाद उसका समाधान निकाला।

# साहू समाज के 55 युवाओं ने किया रक्तदान

## मां भानेश्वरी महोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मां भानेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में साहू सदन जिला बालोद में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ डॉक्टर अजय साहू, डॉक्टर प्रदीप साहू, आयुषी साहू, तोमन साहू, दिनेश्वर साहू, हेमप्रकाश साहू, भगवान दास साहू, मोरध्वज साहू ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ टहल साहू थे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन लाल साहू ने की। विशिष्ठ अतिथि विधायक धमतरी ओंकार साहू, पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, चतुर्भुज साहू, रमेश सोनवानी, प्रदेश पदाधिकारी अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रदीप साहू, तहसील अध्यक्ष मदन सोनबरसा, सोमेश साहू, युवराज साहू, उमाशंकर साहू, मानसिंह सार्व, नरेंद्र हिरवानी, अंजनी साहू, द्रोपती साहू, देवा साहू, तोरण साहू उपस्थित थे। शिविर में 200 से अधिक युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 55 युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने कहा कि अगर युवा अपने संस्कार, अपने फर्ज को ना भूलें, तो समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में सुधार आ जाएगा और समाज की दशा दिशा बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी शिक्षित हो रही है।

विधायक धमतरी ओंकार साहू कहा कि समाज के हर युवा को रक्तदान करना चाहिए, आपके रक्तदान करने से किसी की जिंदगी बच सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा प्रकोष्ठ के संयोजक दिनेश्वर साहू, सहसंयोजक हेम प्रकाश साहू, तोमन साहू, मोरध्वज साहू, खूब लाल साहू, दानी साहू, धर्मेंद्र साहू, आजेंद्र साहू, डोमन साहू, पंकज साहू, संजय साहू, मेघनाथ साहू, नवीन साहू उपस्थित थे।

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी रोहन कुमार लक्ष्मी मार्केट स्थित दुकान से वापस आ रहा था। इस दौरान आरोपी नशा उर्फ चिंटू बिना कारण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। हाथ में रखे धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में पीड़ित के हाथ, कोहनी, गाल, गर्दन में चोट आई है।

# 30 जून तक बोर खनन पर प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के आदेशानुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भू–गर्भीय जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए जिले के बालोद, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड को 30 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि उक्त जलभाव ग्रस्त विकासखण्डों में 30 जून तक सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें इस अवधि में इसकी जानकारी केवल खनन अधिकारी को भेजनी होगी। उन्होंने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अंतर्गत बालोद नगर पालिका परिशद सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी तरह राजस्व अनुविभाग बालोद के तहत आने वाले क्षेत्र (बालोद शहरी क्षेत्र को छोड़कर) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद, राजस्व अनुविभाग गुरूर के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर, राजस्व अनुविभाग डौण्डी के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, राजस्व अनुविभाग डौण्डी के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, राजस्व अनुविभाग डौण्डीलोहारा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा तथा राजस्व अनुविभाग गुण्डरदेही के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

